मेरे खाटूवाले के जैसा नहीं होगा कोई दिलदार | by Ginny Kaur

खोल खजाने बैठा रे बाबा लुटा रहा भंडार
मेरे खाटूवाले के जैसा नहीं होगा कोई दिलदार

ये सुनता है सबके दिल की
बिगड़ी सबकी ये बनाता है
ये कब किसको क्या दे देगा
ये कोई समझ ना पाता है
श्याम धनी मेरा देव है सच्चा
सच्ची ये सरकार
मेरे खाटूवाले के जैसा
नहीं होगा कोई दिलदार

ये देखता सबको एक नज़र
नहीं भेद भाव ये करता है
है भाव का भूखा श्याम मेरा
दामन खुशियों से भरता है
जोड़ता दिल से दिल का नाता
बांटे सबको प्यार
मेरे खाटूवाले के जैसा
नहीं होगा कोई दिलदार

है आज दीवाना जग इसका
चर्चा उसकी दातारी का
कलयुग में डंका बाज रहा
मेरे कलयुग के अवतारी का
कुंदन शरण जो इसकी आया
कर देता उद्धार
मेरे खाटूवाले के जैसा
नहीं होगा कोई दिलदार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80/